Title: Need to formulate a Central Plan to solve acute drinking water problem in Solan, Himachal Pradesh.

कर्नल (सेवानिवृत्त) डा. धनी राम शांडिल्य (शिमला) : सभापति जी, कालका-शिमला मुख्य मार्ग पर स्थित हिमाचल प्रदेश में सोलन शहर को हिमाचल प्रदेश का प्रवेश द्वार भी कहा जा सकता है। इस पर्वतीय राज्य का यह नगर हिमाचल की राजधानी शिमला के बाद दूसरे स्थान पर आता है। इसके आस-पास का क्षेत्र सब्जियां, विशेषकर टमाटर व दूसरे फलों के उत्पादन के कारण काफी प्रसिद्ध है।

महोदय, इस इतने महत्वपूर्ण शहर में जनसाधारण, पीने के जल की कमी को लेकर काफी परेशान है। वास्तव में इस शहर की परेशानी इसलिए भी बढ़ी है कि पिछले कुछ वर्षों से यहां की आम आबादी, लगभग दुगनी हो चुकी है। क्योंकि यहां की जलवायु इस प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक अच्छी है, अतः बहुत से लोग विशेषकर काम-धन्धे वाले लोग, व्यापारी वर्ग आकर यहां बस गए हैं, जिससे पानी की समस्या और भी गम्भीर हो गई है।

अध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्रीय सरकार का ध्यान इस मूलभूत सुविधा से जुड़ी समस्या की ओर आकर्षित करना चाहूंगा और मेरा आग्रह रहेगा कि सोलन शहर के पास की गिरी नदी का जल केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत उठाऊ पेय जल योजना के माध्यम से इस शहर की बहुत दिनों से चली आ रही समस्या का निराकरण किया जा सके।